कार्यालय आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश
35-राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल
ई-मेलः comscd@nic.in / jd.scdhobpl@mp.gov.in

क्रमांक/शिक्षा-1/2019-20/ 12730 भोपाल, दिनांक 11-3-2020

प्रति,

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल
2. आयुक्त, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल उन्नयन विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल
3. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल
4. आयुक्त, आयुष विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल
5. आयुक्त, पशु पालन विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल
6. संचालक पैरामेडिकल काउन्सिल, मध्यप्रदेश भोपाल
7. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, प्रवेश एवं फीस नियामक समिति, भोपाल
8. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग, भोपाल
9. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश
10. समस्त सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

विषयः- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत वर्ष 2019-20 हेतु आवेदनों पर कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा-निर्देश।

संदर्भ:- क्रमांक/शिक्षा-1/2019-20/8532 भोपाल, दिनांक:02.11.2019

दिनांक 31.10.2019 को प्रमुख सचिव महोदय, म.प्र. शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की अध्यक्षता में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में वर्ष 2019-20 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के आवेदनों के संबंध में स्वीकृत/वितरण किये जाने हेतु संदर्भित पत्र के माध्यम से केलेण्डर निर्धारित किया गया था जिसमे आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने की अंतिम तिथि 15.01.2019 निर्धारित थी, किन्तु पोर्टल आज दिनांक तक खुला हुआ है।

अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा समक्ष में दिये गये निर्देशों के परिपालन में वर्ष 2019-20 के आवास सहायता एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.03.2020 एवं सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त आवेदनों की स्वीकृति दिनांक 31.03.2020 निर्धारित की जाती है।

अत: वर्ष 2019-20 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति/आवास सहायता के आवेदनों पर उपरोक्तानुसार समयसीमा में कार्यवाही सम्पादित करना सुनिश्चित करें जिससे पात्रता रखने वाले विद्यार्थी वंचित न रहे। इस हेतु उपरोक्त सर्वसंबंधित अधिकारी पर्याप्त प्रचार प्रसार कर संबंधित को अवगत करावे।

आयुक्त
अनुसूचित जाति विकास
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/शिक्षा-1/2019-20/ 12731 भोपाल, दिनांक 11-3-2020

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. उप महानिदेशक (डी.डी.जी.) एवं राज्य सूचना अधिकारी (एस.आई.ओ.), राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी), विध्यांचल भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर उपरोक्तानुसार जानकारी सूचना पटल पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. समस्त संभागीय उपायुक्त, आदिम जाति एवं अनु. जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश की ओर सुचनार्थ एवं आश्वयक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
अनुसूचित जाति विकास
मध्यप्रदेश